दिल्ली पब्लिक स्कूल ,जम्मू

सत्र–2020–21

बुनियादी कार्य पत्र–1

कक्षा : सातवीं
विषय : हिंदी
उपविषय :वर्ण–विचार

प्रस्तावना :–
वर्ण भाषा की सबसे छोटी इकाई है, जिसके खंड नहीं किए जा सकते , वर्ण या अक्षर कहलाती है।

वर्णों के व्यवस्थित समूह को वर्ण–माला कहते हैं । हिंदी वर्ण–माला में दो प्रकार के वर्ण होते हैं–स्वर और व्यंजन।

स्वर – वे वर्ण जिनके उच्चारण में किसी अन्य वर्ण की सहायता की आवश्यकता नहीं होती ,स्वर कहलाते हैं। इनकी संख्या ग्यारह हैं:–अ, आ, इ, ई उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ ।

स्वरों की मात्राएँ – अ (कोई नहीं), आ (ा), इ (ि), ई (ी), उ (ु), ऊ (ू), ऋ (ृ), ए (े), ऐ (ै), ओ (ो), औ (ौ)।

स्वर के तीन भेद हैं – 1. ह्रस्व 2. दीर्घ 3. प्लुत

ह्रस्व स्वर – जिन स्वरों के उच्चारण केवल एक मात्रा का समय लगता है वे ह्रस्व स्वर कहलाते हैं। ये चार हैं– अ, इ, उ, ऋ।

दीर्घ स्वर – वे स्वर जिनके उच्चारण में ह्रस्व स्वर से दोगुना समय लगता है, वे दीर्घ स्वर कहलाते हैं। ये सात हैं:–आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ।

प्लुत स्वर – इस स्वर के उच्चारण में दीर्घ स्वर से भी अधिक समय यानी तीन मात्राओं का समय लगता है, वे प्लुत स्वर कहलाते हैं। इसका चिह्न (ऽ) है। इसका प्रयोग प्रायः पुकारते समय किया जाता है; जैसे सुनोऽऽ ,राऽऽम।

अं तथा अः अयोगवाह कहलाते हैं। अं को अनुस्वार तथा अः को विसर्ग कहा जाता है।

अनुस्वार –इसका चिह्न शिरोरेखा के ऊपर बिंदु (ं) के रूप में लगाया जाता है। इसका उच्चारण करते समय हवा नाक से बाहर निकलती है। इसका प्रयोग पंचमाक्षर के स्थान पर किया जाता हैं।

अनुनासिक –इसका चिह्न शिरोरेखा के ऊपर चंद्रबिंदु(ँ) के रूप में लगाया जाता है। उच्चारण करते समय हवा नाक और मुख से समान दवाब के साथ बाहर निकलती है। जब शिरोरेखा के ऊपर कोई मात्रा न हो, तब चंद्रबिंदु का प्रयोग किया जाता है।

विसर्ग– इस ध्वनि का चिह्न (:) है। इसका उच्चारण 'ह्' की भाँति किया जाता है। विसर्ग का प्रयोग तत्सम शब्दों (संस्कृत से आए) में ही किया जाता है।

आगत ध्वनि 'आ' यानी अर्धचंद्र। जिसका चिह्न (ॅ) है। अंग्रेज़ी भाषा के शब्दों को लिखते समय प्रयोग किया जाता है।

हल सहित प्रश्न –उत्तर :–

प्र01 निम्नलिखित दिए गए स्वरों और स्वरों की मात्राओं से शब्द बनाइए–

	स्वर	मात्रा	शब्द
क	ई	(ी)	ईनाम, लड़की
ख	ऋ	(ृ)	ऋषि, कृपा

प्र02 निम्नलिखित शब्दों में अनुस्वार का प्रयोग कीजिए–

क	रग	रंग
ख	सगीत	संगीत

प्र03 निम्नलिखित शब्दों में अनुनासिका का प्रयोग कीजिए–

क	चाद	चाँद
ख	वहा	वहाँ

प्र04 निम्नलिखित शब्दों में विसर्ग का प्रयोग कीजिए–

क	अत	अतः
ख	प्रात	प्रातः

प्र05 निम्नलिखित शब्दों में आगत ध्वनि का प्रयोग कीजिए–

क	टाफी	टॉफी
ख	स्टाप	स्टॉप

दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू

सत्र 2020–21

बुनियादी कार्य पत्र – 2

कक्षा : सातवीं विषय : हिंदी

उपविषयः वर्ण–विचार

प्र०1. निम्नलिखित दिए गए स्वरों और स्वरों की मात्राओं से शब्द बनाइए :–

स्वर	मात्रा	शब्द
क. आ	ा	
ख. इ	ि	
ग. उ	ु	
घ. ऋ	ृ	
ङ. ऐ	ै	

प्र०2. निम्नलिखित शब्दों में अनुस्वार का प्रयोग कीजिए :–

क. हस ख. पख ग. पचम

घ. अग ङ. सग

प्र०3. निम्नलिखित शब्दों में अनुनासिक का प्रयोग कीजिए :–

क. हसी ख. चादनी ग. माग

घ. भाति ङ. आख

प्र०4. निम्नलिखित शब्दों में विसर्ग का प्रयोग कीजिए :–

क. स्वत ख. अंतत ग. प्राय

घ. सामान्यत ङ. पुन

प्र०5. निम्नलिखित शब्दों में आगत ध्वनि का प्रयोग कीजिए :–

क. कापी ख. बाल ग. डाक्टर

घ. डालर ङ. फ़ार्म